इन वस्तुओं के खुदरा उपभोक्ता वितरण मूल्य राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा, प्रासंगिक प्रभारों के जोड़ने के पश्चात, नियत किये जाते हैं और इसलिए ये मूल्य विभिन्न राज्यों में अलग-अलग होते हैं।

### दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा उत्पादित दुग्ध

36. **श्री जयपाल सिंह कश्यप** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना प्रतिदिन कितने दूध का उत्पादन कर रही है और उसका कुल मूल्य कितना है ;

(ख) वर्ष 1983-84 के दौरान दूध का कितना उत्पादन हुआ था और उसका कुल मूल्य कितना था ; और

(ग) दूध उत्पादन का क्या फार्मूला है और इसमें गाय-भैंस का दूध, दुग्ध-चूर्ण और मूंगफली तथा सोयाबीन किस अनुपात में मिलाये जाते हैं ; तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना)** : (क) इस समय प्रतिदिन लगभग 3.4 लाख लिटर दूध का परिसंस्करण किया जा रहा है जिसकी अनुमानित कुल लागत 11.67 लाख रुपए है।

(ख) वर्ष 1983-84 के दौरान परिसंस्करित दूध की कुल मात्रा 1220.10 लाख लिटर थी जिसकी कुल लागत 3767.35 लाख रुपए (अनंतिम) थी।

(ग) टोन्ड दूध और मानकीकृत दूध के लिए मानक विशिष्टियों के अनुसार कच्चे दूध (मिश्रित दूध तथा गाय का दूध) स्प्रेटा दुग्ध चूर्ण, बटर आयल और श्वेत मक्खन से दूध तैयार किया जाता है। इन घटकों की संयोजक मात्रा दैनिक आधार पर बदलती रहती है क्योंकि यह उनकी उपलब्धिय पर निर्भर करती है, अतः किसी निश्चित अनुपात को नहीं रखा जा सकता है। दिल्ली दुग्ध योजना दूध को तैयार करने में मूंगफली, सोयाबीन का प्रयोग नहीं करती है।

### National Seminar on Sugar Industry for Review of Sugar Policy

37. SHRI ANAND SINGH :
SHRI MADHAVRAO SCINDIA :

Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state :

(a) whether at the National Seminar on Sugar Industry, a demand was made for a thorough review and revision of the sugar policy, so as to eliminate the problems arising out of fluctuations in sugar production leading to frequent glut and shortages ;

(b) if so, precise nature of the demand voiced at the seminar for overhauling the sugar policy ; and

(c) the Government's decision thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF ELECTRONICS AND IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (DR. M.S. SANJEEVI RAO) : (a) and (b). At a seminar on "Sugar Industry—Retrospect and Prospect" organised by the Indian Sugar Mills Association in New Delhi on 21-5-1984, discussions were held on a wide range of topics including sugar policy. While certain suggestions were made, mainly relating to sugarcane development, no demand, as such, was made for dispensing with the present Government policy of partial control on sugar with a dual pricing system.

(c) Does not arise in view of the answer given to parts (a) and (b).

### सेवा निवृत्ति की आयु प्राप्त कर लेने के बाद अधिकारियों का सेवा काल बढ़ाया जाना

38. **श्री मूल चन्द डागा** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के अधीन सम्पदा निदेशा-